जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) किलाघाट, दरभंगा
District Institute of Education & Training(DIET) QUILAGHAT,DARBHANGA
डी0एल0एड0 (नियमित एवं दूरस्थ) तथा जिला के प्रारंभिक शिक्षा में गुणात्मक विकास हेतु शिक्षकों के सतत क्षमता संवर्द्धन हेतु समर्पित राज्य सरकार का संस्थान।

डॉ0 श्वेता सोनाली
प्राचार्य

website :- www.dietdarbhanga.com
Email - dietdarbhanga@gmail.com

पत्रांक:- 636

दिनांक:- 31/10/2026

कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या..05

बिहार सरकार शिक्षा विभाग के पत्रांक संचिका सं० बा० आ०-1459/8/2023-SEC..5-EDU DEPT (C.N.- 344357) 10 दिनांक 30/04/2024 के आलोक में संस्थान के कार्यालयीय एवं प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन तथा विभागीय निर्देशों के अनुपालन में संस्थान के प्राचार्य के उपयोगार्थ आवश्यकतानुसार वाहन किराये पर लिया जाना है। इस हेतु इच्छुक एवं योग्य वाहन स्वामियों/ट्रैवल एजेंसियों से मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक वाहन स्वामी/एजेंसी अपना कोटेशन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक सीलबंद लिफाफे में दिनांक 05/11/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक संस्थान के कार्यालय में निम्नलिखित शर्तों के अधीन जमा कर सकते हैं।

1. व्यावसायिक (Commercial) श्रेणी में पंजीकृत वाहन को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. वाहन से संबंधित निम्नांकित दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा-
   a) वाहन का RC की छायाप्रति
   b) वैध बीमा
   c) प्रदूषण प्रमाण-पत्र
   d) GST पंजीकरण सं०
   e) ड्राइविंग लाइसेंस
3. वाहन अच्छी स्थिति में, साफ-सुथरा एवं सुचारु रूप से परिचालन योग्य होना चाहिए।
4. वाहन का रखरखाव, मरम्मत, बीमा, रोड टैक्स, फिटनेस एवं चालक से संबंधित सभी व्यय वाहन उपलब्ध कराने वाले की जिम्मेदारी होगी।
5. निर्धारित मासिक दूरी एवं उससे अधिक दूरी के भुगतान का निर्धारण विभागीय स्वीकृत दर एवं उपलब्ध आवंटन के अधीन होगा।
6. वाहन की अनुपलब्धता अथवा खराबी की स्थिति में वैकल्पिक वाहन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होगी।
7. नियमानुसार बिल तथा लॉगबूक प्रस्तुत करने तथा संबंधित मद में राशि प्राप्त होने के उपरांत ही उक्त सेवा का भुगतान किया जाएगा।
8. संस्थान द्वारा न्यूनतम दर के साथ-साथ वाहन की गुणवत्ता एवं अन्य शर्तों के आधार पर उपयुक्त कोटेशन का चयन किया जाएगा।

लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से संस्थान के उपयोगार्थ वाहन किराये पर उपलब्ध कराने हेतु कोटेशन' अंकित होना चाहिए। संस्थान को बिना कोई कारण बताए किसी भी कोटेशन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने तथा आवश्यकतानुसार चयन प्रक्रिया स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। उक्त कोटेशन दिनांक 05/11/2026 के शाम 04:00 बजे प्राचार्य कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा जिसमें आपूर्तिकर्ता/एजेंसी के प्राधिकृत प्रतिनिधी उपस्थित रह सकते हैं ।

विश्वासभाजन

31.10.2026

प्राचार्य

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
(डायट) किलाघाट, दरभंगा

31/10/26

Scanned with OKEN Scanner